भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या- *25
गुरूवार, 08 दिसम्बर, 2022/17 अग्रहायण, 1944 (शक)

बढ़ती बेरोजगारी दर

***25. श्री जावेद अली खानः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सेंटर फॉर मॉनिटरिंग ऑफ इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर, 2022 के महीने में बेरोजगारी दर बढ़कर 7.77 प्रतिशत हो गयी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) जिन राज्यों में अक्तूबर, 2022 के दौरान बेरोजगारी दर बढ़कर 10 प्रतिशत से अधिक हो गयी है, उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में जुलाई, 2022 से अब तक बेरोजगारी की दर का माह-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार मंत्री
(श्री भूपेन्द्र यादव)

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

“बढ़ती बेरोजगारी दर” के संबंध में श्री जावेद अली खान द्वारा पूछे गए राज्य सभा के दिनांक 08-12-2022 के तारांकित प्रश्न संख्या *25 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (घ): कई निजी कंपनियां/निकाय/अनुसंधान संगठन अपनी कार्यप्रणाली के आधार पर अलग-अलग सर्वेक्षण करते हैं, सीएमआईई उनमें से एक है। रोजगार और बेरोजगारी पर आधिकारिक डेटा स्रोत आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) है जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाया जा रहा है। पीएलएफएस की सर्वेक्षण अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है। अखिल भारतीय स्तर पर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए पीएलएफएस आंकड़े वार्षिक आधार पर उपलब्ध है। नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) 4.2% थी। वर्ष 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) अनुबंध में दी गई है।

*****

अनुबंध

राज्य सभा के दिनांक 08.12.2022 के तारांकित प्रश्न संख्या *25 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

सामान्य स्थिति दृष्टिकोण के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर (यूआर) का राज्य/संघ राज्य-वार ब्यौरा

क.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	बेरोजगारी दर (% में)
1	आंध्र प्रदेश	4.1
2	अरुणाचल प्रदेश	5.7
3	असम	4.1
4	बिहार	4.6
5	छत्तीसगढ	2.5
6	दिल्ली	6.3
7	गोवा	10.5
8	गुजरात	2.2
9	हरियाणा	6.3
10	हिमाचल प्रदेश	3.3
11	झारखंड	3.1
12	कर्नाटक	2.7
13	केरल	10.1
14	मध्य प्रदेश	1.9
15	महाराष्ट्र	3.7
16	मणिपुर	5.6
17	मेघालय	1.7
18	मिजोरम	3.5
19	नागालैंड	19.2
20	ओडिशा	5.3
21	पंजाब	6.2
22	राजस्थान	4.7
23	सिक्किम	1.1
24	तमिलनाडु	5.2
25	तेलंगाना	4.9
26	त्रिपुरा	3.2
27	उत्तराखंड	6.9
28	उत्तर प्रदेश	4.2
29	पश्चिम बंगाल	3.5
30	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	9.1
31	चंडीगढ़	7.1
32	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	4.2
33	जम्मू और कश्मीर	5.9
34	लद्दाख	2.9
35	लक्षद्वीप	13.4
36	पुडुचेरी	6.7
	अखिल भारत	4.2

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई